Title: Need to set up a floating Solar PV Plant on Suraha Tal in Ballia district, Uttar Pradesh

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): मैं अपने संसदीय क्षेत्र सलेमपुर में सुरहा ताल में फ्लोटिंग सोलर पीवी प्लांट लगाने के संबंध में केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर के विधानसभा बांसडीह में स्थित सूरहा ताल बहुत ही प्राचीन है तथा विशाल है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं पूज्य श्री आदित्यनाथ योगी जी के द्वारा प्रदेश के कई तालों के विकास हेतु अनेक कार्य किए गए हैं, परंतु बलिया जिले का सुराहा ताल अभी तक सम्पूर्ण विकास से अछूता है, उपरोक्त ताल में अगर केंद्र सरकार द्वारा फ्लोटिंग सोलर पीवी प्लांट का निर्माण हो जाता है तो पर्यावरण के अनुकूल सस्ती दर पर विद्युत उत्पादन में बलिया आत्मनिर्भर हो सकता है, और स्थानीय जरूरत की बिजली का उत्पादन संभव हो सकता है जिसका लाभ यहां के स्थानीय लोगों को सस्ती दर पर विद्युत वितरण में मिल सकेगा । अतः केंद्र सरकार से मैं अनुरोध करता हूं कि सलेमपुर के सुरहा ताल में फ्लोटिंग सोलर पीवी प्लांट का निर्माण अविलंब कराया जाए जिससे मेरा क्षेत्र विद्युत उत्पादन में आत्मनिर्भर हो सके ।